ITL FINLEASE & SECURITIES LIMITED

Regd.Address: B-08, GD-ITL Tower, Top Floor, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi 110034, CIN: L65910DL1991PLC045090, Web site: www.itlfinlease.in,Email:csitlfinlease@gmail.com, Phone 011-41572981,43542891

To **DATE-03/06/2025**

Head- Listing & Compliance
Metropolitan Stock Exchange of India Ltd. (MSEI)
Building A, Unit 205A, 2nd Floor,
Piramal Agastya Corporate Park,
L.B.S Road, Kurla West,
Mumbai - 400070

Sub:- QR CODE of Newspaper Advertisement of *Audited Financial Results for the quarter and year ended on March 31,2025*

Dear Sir,

This is to inform you that QR CODE of *Audited Financial Results for the quarter and year ended on March 31,2025* has been published in Hindi & English PIONEER dated 01/06/2025.

We are enclosing herewith scanned copy of results your kind information & record.

Thanking You,
Yours Faithfully
For ITL FINLEASE & SECURITIES LIMITED

Digitally signed by PARUL SRIVASTAVA
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=122004, st=Haryana, serialNumber=7A5024437A3A3E716A1912B5182DA199D688D179071D7793CAE07DB21FDDF53F, cn=PARUL SRIVASTAVA
Date: 2025.06.03 17:11:29 +05'30'

Parul Srivastava
(Company Secretary)

Membership No-F11469
Enclosed as above

अहिल्याबाई के नाम पर बनेगा म्यूजियम: सीएम

कुरुक्षेत्र के पिपली में मातेश्वरी होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर समारोह में बोले नायब सिंह सैनी

● कहा-समाज सेवा, बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देने का लें संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें लोकमाता अहिल्याबाई के पदचिन्हों पर चलना होगा और उनकी तरह न्याय देना होगा, विकास करना होगा और संस्कृति को सहेजना होगा। आज अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि हम समाज की सेवा करेंगे और बेटियों को शिक्षा और समान अधिकार देंगे।

नायब सिंह सैनी शनिवार को पिपली स्थित अनाज मंडी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पाल गडरिया समाज की ओर से मुख्यमंत्री को पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर दो एकड़ भूमि पर एक म्यूजियम का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाल गडरिया समाज की सहमति से किसी एक गांव या शहर में अहिल्याबाई के नाम से प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने पाल गडरिया समाज धर्मशाला कुरुक्षेत्र को अपने स्वैच्छिक कोष से 31 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। साथ ही उन्होंने कैबिनेट कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, रणबीर गंगावा, श्याम सिंह राणा, सांसद नवीन जिंदल व सांसद रामचंद्र जांगड़ा की ओर से भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

नशे को जड़ से खत्म करने का ले संकल्प: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। तंबाकू धीमा जहर है जो कि शरीर को अंदर से खोखला करता है और धीरे-धीरे जीवन को निगल लेता है। इस दिन हम सभी मिलकर संकल्प लें कि समाज को स्वस्थ रखने के लिए तंबाकू नहीं बल्कि स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार का चयन करेंगे और नशे को जड़ से खत्म करने में अपना योगदान देंगे।

बड़ौली ने की नायब सिंह की तारीफ: प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रत्येक समाज को सम्मान देते हुए महापुरुषों की जयंती को प्रदेश स्तर पर मनाने का काम किया है। इन समारोह में मुख्यमंत्री स्वयं मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर समाज को दिए जाने वाले सम्मान को चार चांद लगाने का काम कर रहे हैं। उनकी मुस्कुराहट और लाड-प्यार के चलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश के टॉप-3 मुख्यमंत्रियों में शामिल हुए हैं।

आहिल्याबाई ने धार्मिक स्थलों का किया विकास: श्याम सिंह राणा: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति की प्रतीक, राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत रही हैं। उन्होंने साहस, भक्ति और समर्पण दिखाते हुए काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थ स्थलों का पुनरोद्धार कराया। उन्होंने कहा कि आदर्श शासिका बनकर अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में देश भर में धार्मिक स्थलों का विकास किया।

आहिल्याबाई के जीवन से लें प्रेरणा: कृष्ण लाल पंवार: विकास एवं पंचायत विभाग मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि आज के समय में हम सभी को अहिल्या बाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और देश के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। हमें महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत के प्राचीन गौरव और सनातन संस्कृति के उत्कर्ष में संपूर्ण मनोयोग से समर्पित होना चाहिए।

विपरीत परिस्थितियों में गुजरा अहिल्याबाई का जीवन: गंगवा: लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कभी खुद आरक्षण तो कभी अधिकारी पाने के लिए आंदोलन करता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर पिछड़ा वर्ग के लिए बहुत बड़ा कार्य किया है। अब इस वर्ग को अधिकारों को देने वालों में शामिल कर दिया है। जो पिछड़ा वर्ग के लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने भी अपने जीवन को विपरित परिस्थितियों के साथ जीया है।

देश की अमूल्य धरोहर है संत महात्मा:नवीन जिंदल: सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि संत, महात्मा, गुरुओं और देवी हमारे समाज की धरोहर है। जो हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से परिचित करवाते हैं। इन धरोहरों को सहेजने की हमारी जिम्मेदारी है। इन्हीं में एक नाम अहिल्या बाई होलकर भी एक हैं। समाज के लोगों को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।

इस मौके पर मोहनलाल बड़ौली, महिपाल ढांडा, कृष्ण लाल पंवार, रणबीर गंगवा, श्याम सिंह राणा, सुभाष सुधा, विधायक रामकुमार कश्यप, सांसद रामचंद्र जांगड़ा, सांसद नवीन जिंदल, विधायक कृष्ण कुमार, विधायक पवन, विधायक सतपाल जांबा, विधायक कपूर वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, वेदपाल एडवोकेट, सुभाष कलसाना, जयभगवान शर्मा डीडी, धूमन सिंह किरमच, जवाहर सैनी, कैलाश सैनी, हरियाणा पाल गडरिया समाज के अध्यक्ष शमशेर सिंह, डीआईएनटी के अध्यक्ष जयसिंह पाल, चंदगी राम, पार्षद रमेश पाल, रमेश पाल नोहनी, डा. कृष्ण कुमार, हरियाणा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा, श्याम लाल जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष लाडवा शिव गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

प्लॉस्टिक मुक्त मॉडल गुरुग्राम सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रहे: आनंद मोहन

● अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्वच्छता में अव्वल सिक्किम और इंदौर शहरों का दिया उदाहरण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम को प्लास्टिक मुक्त मॉडल शहर बनाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते एसीएस आनंद मोहन शरण।

प्लास्टिक मुक्त मॉडल शहर गुरुग्राम प्रोजेक्ट पर पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल एक सरकारी कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन की भावना के साथ आगे बढ़ाएं। यदि हम नागरिकों को सहभागी बनाएं, तो यह अभियान अपेक्षित समय-सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सकता है। वे शनिवार को यहां इस विषय पर महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में डीसी अजय कुमार, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आनंद मोहन ने कहा कि गुरुग्राम को प्लास्टिक मुक्त मॉडल शहर के रूप में विकसित करने के लिए जल्द ही विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित कर पायलट प्रोजेक्ट के तहत आवश्यक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रयास को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने सिक्किम और इंदौर जैसे शहरों के सफल उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुग्राम को भी उनके पदचिह्नों पर चलकर एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने यह भी बताया कि अनेक गैर-सरकारी संगठन इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए आगे आ रहे हैं। आनंद मोहन शरण ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजागरुकता बढ़ाने के लिए पोस्टर्स, शॉर्ट वीडियो क्लिप्स, जिंगल्स, सोशल मीडिया अभियानों, नुक्कड़ नाटकों तथा सामुदायिक बैठकों जैसे प्रभावशाली माध्यमों का उपयोग किया जाए। इसके साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स, मॉल, बाजारों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कार्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा, लोगों के व्यवहार में परिवर्तन इस अभियान की सफलता की आधारशिला है।

आरडब्ल्यूए की भागीदारी महत्वपूर्ण: डीसी

डीसी अजय कुमार ने बैठक में कहा कि अभियान की सफलता के लिए आरडब्ल्यूए का सहयोग अनिवार्य है। स्थानीय स्तर पर यदि रेजिडेंट्स स्वयं स्वेच्छा से इस पहल में भाग लें, तो इसका प्रभाव बहुत व्यापक और दीर्घकालिक होगा। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को चिन्हित कर उन्हें अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनाया जाएगा। बैठक में पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव प्रदीप डागर, नगर निगम गुरुग्राम के एडिशनल कमिश्नर जितेंद्र कुमार व महाबीर प्रसाद, जॉइंट कमिश्नर सुमित कुमार, विशाल व जयवीर यादव, वन संरक्षक सुभाष यादव, पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड से आकांशा तंवर, वन स्टेज के सीईओ प्रतिष कुमार पांडा, वरवेटा प्रोजेक्ट्स के सीईओ दुर्गेश शर्मा, वसुधा शर्मा व दीक्षा पटियाला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मेयर ने फरीदाबाद को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

● डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग संपन्न

● प्रवीण बत्रा जोशी ने उद्यमियों को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

● एसोसिएशन ने डीएलएफ संबंधित समस्याओं वाला मांग पत्र सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रवीण बत्रा जोशी को स्मृति चिन्ह भेंट करते एसोसिएशन प्रधान श्रीराम अग्रवाल जेपी मल्होत्रा, टीसी धवन, विशाल मल्होत्रा, अभय बजाज, रोहित रूंगटा एवं अन्य।

मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि मेरा मायका उद्योगपतियों और ससुराल राजनीतिक लोगों वाला है। इसलिए उद्यमियों की समस्याओं से भली भांति परिचित हूं। मेरा संकल्प है कि फरीदाबाद इंदौर जैसा स्वच्छ एवं सुंदर शहर बने इसके लिए हम सभी को मिलकर सहयोग करने की जरूरत है। इस मीटिंग में जितने भी व्यवसायी हैं सभी स्वयं में एक एक संस्थान हैं। डीएलएफ इंडस्ट्रीज सहित शहर में अतिक्रमण, अवैध निर्माण, जलभराव और गंदगी जैसी पुरानी समस्याओं के समाधान के लिए आम जनता और उधमियों के साथ-समर्थन के बिना यह संभव नहीं है।

मेयर ने सेक्टर-21 सी स्थित पार्क प्लाजा होटल में आयोजित डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उपरोक्त विचार व्यक्त किए। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जेपी मल्होत्रा, टीसी धवन, अभय बजाज, रोहित रूंगटा द्वारा मेयर प्रवीण बत्रा जोशी का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल द्वारा डीएलएफ संबंधित तमाम समस्याओं के समाधान के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा गया। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्योगपतियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने कहा कि फरीदाबाद में सुईं से लेकर सेटेलाइट तक का सामान बनता हैं। शहर के हाईवे के दोनों तरफ इंडस्ट्री है उसके पीछे आबादी बसी हुई है। आज शहर में अतिक्रमण, अवैध निर्माण, जलभराव और गंदगी जैसी पुरानी समस्याओं से आम जनमानस के साथ उद्यमी परेशान हैं। विगत दस सालों से बहुत कार्य हुए अब इन मूलभूत समस्याओं के समाधान पर भी कार्य शुरू हो चुके हैं। एसोसिएशन द्वारा तैयार भविष्य का डीएलएफ कैसा हो, विषय पर आधारित एक वीडियो मेयर प्रवीण बत्रा जोशी को प्रोजेक्ट के माध्यम से बड़ी स्क्रीन पर दिखाई गई। कार्यक्रम का मनसंचालन रोहित रूंगटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल, महासचिव अभय बजाज, एमपी रूंगटा, टीसी धवन, पूर्व अध्यक्ष जेपी मल्होत्रा, उप प्रधान एमएल गोयल, अर्जीत चावला, विशाल मल्होत्रा, भूपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद कुमार, निशांत, ललित भूंबला, चेयरमैन कोऑर्डिनेटर रोहित रूंगटा, सौरभ कोचर, सलाहकार पवन कुमार कोहली, अनिल मित्तल, अजय काक सहित काफी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण आयुष विवि में 300 बच्चों को पिलाया स्वर्णप्राशन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा स्वर्णप्राशन संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 बच्चों को स्वर्णप्राशन की अमृत बूंदें पिलाई गई। अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन की बूंदे पिलाने पहुंचने अभिभावकों की सुबह से ही ओपीडी के बाहर लंबी कतार लगी हुई थी। दरअसल, स्वर्णप्राशन संस्कार का उद्देश्य बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता, बुद्धि, स्मरण शक्ति एवं संपूर्ण विकास को बढ़ाना है। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में हर पुष्य नक्षत्र के दिन विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अस्पताल परिसर में कैंप लगाया जाता है, जिसमें कौमारभृत्य विभाग के वैद्य स्वर्णप्राशन संस्कार करते हैं।

बता दें कि स्वर्णप्राशन एक आयुर्वेदिक विधि है, जिसमें शुद्ध स्वर्ण भस्म, घृत (घी), मधु और कुछ औषधियों के मिश्रण को विशेष विधि से तैयार कर बच्चों को दिया जाता है। यह परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है और बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में कारगर मानी जाती है। कौमारभृत्य विभाग के प्रो. वैद्य अमित कटारिया ने बताया कि आगामी पुष्य नक्षत्र 28 जून कोस्वर्णप्राशन संस्कार आयोजित किया जाएगा। हर पुष्य नक्षत्र के दिन यह संस्कार बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। स्वर्णप्राशन बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है।

मादक पदार्थ खत्म करने में मिली बड़ी सफलता: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को कहा कि पुलिस के नशा विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है और राज्य में अब मादक पदार्थ आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। डीजीपी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि नशे की समस्या पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है।

पब्लिक नोटिस

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल श्री नितिन अहलावत और श्री तीरथ सिंह ऊपरी तल, प्लाट संख्या बी-16/2/1,खसरा संख्या 816, श्याम विहार, फेज-II, नजफगढ़, नई दिल्ली के मालिक हैं और श्री नितिन अहलावत और श्री तीरथ सिंह ने श्री प्रदीप कुमार बेताला और श्री संजय कांबरा (एचयूएफ) से नोटरीकृत जीपीए, एटीएस और दिनांक 20.07.2023 की वसीयत के अनुसार संपत्ति खरीदी, उसके बाद उन्होंने प्राधिकरण पर्ची (पीएम उदय सेल) निष्पादित की, अब श्री नितिन अहलावत और श्री तीरथ सिंह उपरोक्त संपत्ति बेचना चाहते हैं और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार, बिक्री, बंधक आदि मान्य नहीं होगा, तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति से किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे व. पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे, तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.760,झारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई दिल्ली-75
मोबाइल : 9899013918

माई मनी सिक्योरिटीज लिमिटेड
CIN : L67120DL1992PLC047890
पंजीकृत कार्यालय : 10 ए, अंडरहिल लेन, सिविल लाइंस, दिल्ली-54
ई मेल आई डी : mymoneyviews@outlook.com, फोन नं. : 011-47087300, 23930655
31 मार्च, 2025 को तिमाही एवं समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(राशि लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 31.03.2025 लेखापरीक्षित	समाप्त तिमाही 31.12.2024 अलेखापरीक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2024 लेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2025 लेखापरीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2024 लेखापरीक्षित
1	प्रचालनो से कुल आय (शुद्ध)	(5.76)	(84.38)	178.49	1536.50	367.93
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर विशिष्ट और / या असाधारण मदों के पूर्व)	(203.14)	(230.87)	117.94	1050.08	221.25
3	कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशिष्ट और / या असाधारण मदों के पश्चात)	(226.08)	(223.12)	126.99	689.31	208.19
4	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ / हानि (कर के बाद)]	(226.08)	(223.12)	126.99	689.31	208.19
5	इक्विटी शेयर कैपिटल	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03	1680.03
6	प्रति शेयर अर्जन (रु 10/- प्रत्येक के) (*समाप्त तिमाही के लिए ईपीएस वार्षिक नही हैं) मूल	(1.346)*	(1.328)*	0.755*	4.103	1.239
	तनुकृत	(1.346)*	(1.328)*	0.755*	4.103	1.239

टिप्पणी :
उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताए) नियमनों 2015 के नियम 33 के अनुरुप स्टॉक एक्सचेजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट्स www.mymoneyviews.com पर उपलब्ध है।
कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/-
संजय सेठ
पूर्वकालिन निर्देशक एंड सी.एफ.ओ
डीआईएन : 00350518
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 30.05.2025

मॉकड्रिल के दौरान घायल का इलाज करने का अभ्यास करते डॉक्टर।

गुरुग्राम में एयर स्ट्राइक जैसी आपात स्थिति की हुई मॉकड्रिल

● उपायुक्त ने कंट्रोल रूम से हर गतिविधि की निगरानी की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों के दौरान तैयारियों की वास्तविक समीक्षा के लिए शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत जिला में सिविल डिफेंस की द्वितीय एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को एयर रेड जैसी आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना, प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता की जांच करना तथा समन्वय को परखना रहा। एक्सरसाइज का आयोजन जिला के पांच प्रमुख स्थलों सिलोखरा स्थित स्टार मॉल, खांडसा रोड स्थित एसडी आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आवर लेडी फातिमा कॉन्वेंट स्कूल, मानेसर स्थित मारुति सुजुकी प्लांट एवं सोहना रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्टेशन पर किया गया। शाम 5 बजे सायरन बजाकर एक्सरसाइज की शुरुआत की गई, जिससे सभी स्थानों पर उपस्थित नागरिक सतर्क हुए और आपात स्थिति में नियमानुसार सुरक्षित स्थानों की ओर अग्रसर हुए।

एयर स्ट्राइक की काल्पनिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए ताऊ देवीलाल स्टेडियम में बनाए स्टेजिंग एरिया से राहत टीमों को रवाना किया गया था। जिन्होंने नागरिकों को ऊपरी मंजिलों से निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। फंसे लोगों को फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, रेडक्रॉस और आपदा मित्रों की मदद से बचाया गया और प्राथमिक उपचार हेतु निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया गया। अभ्यास की जिला सचिवालय स्थित कंट्रोल रूम से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा मोनिटरिंग की गई। डीसी ने बताया कि यह अभ्यास गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का हिस्सा है।

SURYODAY A BANK OF SMILES
Suryoday Small Finance Bank Limited
Regd. & Corp. office : 1101, Sharda Terraces, Plot 65, Sector - 11, CBD Belapur, Navi Mumbai - 400614. CIN: L65923MH2008PLC261472.

Under Section 13 (2) of The Securitisation And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002
Whereas the undersigned is the Authorised officer of the M/s. Suryoday Small Finance Bank Ltd. ("SSFBL") under Securitisation And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under Section 13(12) read with Rule 3 of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued Demand Notices under Section 13(2) of the said Act, calling upon the following Borrower(s), Co-Borrower(s), Guarantor(s) to discharge in full their liability to the Company by making payment of entire outstanding including up to date interest, cost and charges within 60 days from the date of respective Notices issued and the publication of the Notice as given below as and way of alternate service upon you. As security for due repayment of the loan, the following Secured Asset (s) have been mortgaged to SSFBL by the said Borrower(s), Co-Borrower(s), Guarantor(s) respectively.

Name of Borrower / Co-Borrower/ Guarantor	Date of Demand Notice	14.05.2025
LAN - 247000005417, 1.MS. ANKITA JAIN D/O KULBHUSHAN JAIN, 2.MR. KULBHUSHAN JAIN S/O NEMI CHAND JAIN	Date of NPA	06.05.2025
	Total Outstanding Amount in Rs.	Rs. 3848786.07/- as on 14.05.2025

Description Of Secured Asset(S) /Immovable Property (les) : ALL THAT PIECE AND PARCELS OF APARTMENT BEARING NO. 223 ON SECOND FLOOR AREA MEASURING 700 SQ FEET SITUATED IN THE GROUP HOUSING COMPLEX "THE MERLIN" GH-1, SECTOR 13, VASUNDHARA GHAZIABAD 201012

Date : 01.06.2025, Place: GHAZIABAD Authorised Officer, Suryoday Small Finance Bank Limited

पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
आंचल AANCHAL
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552
ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com Website: www.ucdfaanchal.org

पत्रांक : 712-16/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 31/05/2025

E-Tender Notice No.: 07(1) /UCDF/2025-26, Date-31.05.2025

Following short Term E-tender are invited by the undersigned, from experienced, reputed and financially sound Manufacturers/ Firms/Authorized Dealers for the following works so as to reach office Of Uttarakhand Co-Operative Dairy Fedration Mangal parao Haldwani on or before 09.06.2025 up to 5.00 PM, which will be opened on 10.06.2025 at 11.00 AM in UCDF Mangal parao Haldwani.

S.N.	Name of work
1.	S.I.T & C of VCB & Repair of Old and New Transformar LT & HT Panal.

On line tender - E-Tender documents may be seen and downloaded /uploaded from E-tender portal **http://www.uktenders.gov.in**

Managing Director UCDF

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान
हल्द्वानी ग्रामीण (लालकुआँ) स्थित गोरापड़ाव जिला नैनीताल पिन-263139
Email Id: eeujslku@gmail.com

पत्रांक : 742/ई-निविदा/87 दिनांक : 30.05.2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक महोदया, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के जल संस्थान एवं पेयजल निगम में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से ई-निविदा (टू-बिड सिस्टम) **Two Bid System** आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **www.uktenders.gov.in** पर दिनाँक **02.06.2025 समय 17:00 बजे** से उपलब्ध होगी।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत

क्र.सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम
1.	05/JJM/2025-26	धौलाखेड़ा पेयजल योजनान्तर्गत उर्ध्व जलाशय निर्माण, विद्युत यांत्रिक कार्य, पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य।
2.	06/JJM/2025-26	लछमपुर पेयजल योजनान्तर्गत उर्ध्व जलाशय निर्माण, विद्युत यांत्रिक कार्य, पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य।

(अजय कुमार) अधिशासी अभियन्ता

आईटीएल फिनलीज एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड
सीआईएनः L65910DL1991PLC045090
पंजीकृत कार्यालयः- बी-08, जीडी-आईटीएल टॉवर, शीर्ष तल, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034, फोन नं.-01141572981
ई-मेलः csitlfinlease@gmail.com, वेबसाइटः www.itlfinlease.in

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के क्रम में, परिसंपत्तियों और देनदारियों का लेखापरीक्षित विवरण, नकदी प्रवाह, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर अपरिवर्तित राय के रूप में घोषणा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.msei.in और कंपनी की वेबसाइट www.itlfinlease.in पर उपलब्ध है। इसे नीचे दिए गए त्वरित प्रतिक्रिया कोड को स्कैन करके भी एक्सेस किया जा सकता हैः

कंपनी की वेबसाइट पर वित्तीय परिणामों तक पहुँचने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

कृते आईटीएल फिनलीज एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड
हस्ता/-
बी.एल.गुप्ता
निदेशक
(डीआईएन संख्या-00143031)
दिनांकः 30.05.2025
स्थानः दिल्ली

AXIS BANK LTD.
रिटेल एसेट सेंटरः एक्सिस बैंक लिमिटेड गीगाप्लेक्स, एनपीसी-1, तीसरी मंजिल एमआईडीसी, ऐरोली नॉलेज पार्क मुगलसन रोड ऐरोली नवी मुंबई-400708

औरः एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस हाउस, टॉवर डी-2, दूसरी मंजिल, आई-14, सेक्टर-128, नोएडा एक्सप्रेसवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (यूपी)-201301, कॉर्पोरेट ऑफिसः 'एक्सिस हाउस', ब्लॉक बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वली, मुंबई-400025, पंजीकृत कार्यालयः 'त्रिशूल', तीसरी मंजिल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एली, ब्रिज, अहमदाबाद-380006

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस

जबकि नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता ने एक्सिस बैंक लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम बताते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं ने देय तिथियों के अनुसार ब्याज और मूलधन की अदायगी में विभिन्न चूक की हैं। एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के आदेशानुसार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार नीचे उल्लिखित संबंधित तारीखों पर खाते को गैर निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों पर मांग नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं से नोटिस में उल्लिखित राशि को नोटिस में उल्लिखित राशि पर संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय के साथ ही नोटिस की प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क चुकाने का आव्हान किया गया है।

उनके अंतिम ज्ञात पते पर जारी किए गए नोटिस बिना तामील हुए वापस आ गए हैं, इसलिए उन्हें सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से इसकी सूचना दी जा रही है।

क्र. सं.	कर्जदार का नाम / पता सह-कर्जदार और गारंटर का नाम	एनपीए की तिथि / मांग सूचना की तिथि बकाया राशि / ऋण राशि
1.	मैस

CANCELLATION NOTICE FOR NON - PAYMENT OF DUES AS PER AGREED TERMS.

Supercity Developers Private Limited
Registered Office: 330,
Shahdara GT Road, Delhi-32

TO ALL CONCERNED

This notice is issued to the following individuals and any other person claiming interest in the flats mentioned herein:

E-1701 Ranbir Singh, E-1802 Harish Anand, E-1803 Anil Kumar, E-1804 Harish Anand, F-1301 Ravi Galaut, F-1603 Jyoti Kumar, F-1703 Subhash Chander Thakur, F-1705 Shyam Sunedr,F-1706 Varun Chopra, G-1005 Sudesh Devi, G-1302 Sudesh Devi, G-1305 Radhey Shyam Chaudhary, G-1401 Neeraj Kumar, G-1402 Dheeraj Sachdeva, G-1501 Dheeraj Sachdeva, G-1502 Vedagarbha Kundrakpam, G-1504 Shantanu Baruha, G-1505 Malay Ranjan Jaypuria, G-1601 Shashi Bala Doomra, G-1604 Upasana Singh, G-205 Ratnesh Kumar, G-301 Chandni Garg, G-401 Ravi Kumar Singh, G-405 Vishal Aggarwal, G-501 Poonam, G-705 Aqil Ahmed Rana, G-801 Vishal Aggarwal, G-901 Brahmpal Singh, G-905 Malay Ranjan Jaypuria, H-1004 Narender Kumar, H-1404 Anil Kumar, H-1504 Anil Kumar, H-801 Amit Gupta, I-1101 Shailesh Pratap Singh, I-1306 Hari Pal, I-1401-Rajeev Saxena, I-1503 Arshad Jamal, I-1605 Shifa, I-1804 Sachin Sharma, I-501 Anjali Jain, I-601 Parveen Singh, I-606 Priya Sharma, I-805 Yashpal Bhati, I-901 Roopak Jain, J-101 Jitender Rai, J102 Sumer Singh Yadav, J-1102 Aijay Kaul, J-1304 Sangram Singh Parida, J-1401 Sangram Singh Parida, J-1602 Shushil Kumar, J-1603 Jitender Rai

WHEREAS, the aforementioned individuals booked flats in our project "Mayfair Residency" situated at Plot No. GH-07B, Techzone-4, Greater Noida West, UP, and were allotted flats bearing numbers as per the Builder Buyer Agreement.

WHEREAS, despite repeated reminders and demand letters, the said individuals have failed to pay the requested consideration amounts, including various installments.

WHEREAS, we had sent cancellation notices to their registered addresses, but they have still failed to clear their dues.

NOW, THEREFORE, we hereby notify that the allotment of the above-mentioned flats stands cancelled. We reserve the right to allot these flats to new customers at our discretion.

NOTICE TO CLAIMANTS

If any of the above-mentioned individuals or any other person claiming interest in the said flats has any grievance or claim regarding the cancellation, they are required to contact us within 7 days from the date of this notice. Failure to do so shall be deemed that no claims or interests exist.

For Supercity Developers Pvt. Ltd. Date: 31.05.2025

PUBLIC NOTICE

Known to all that my client **Sh.Nitin Ahlawat and Sh. Tirath Singh owner of the UPPER GROUND FLOOR, PLOT NO. B-16/2/1, KHASRA NO.816, SHYAM VIHAR,PHASE-II,NAJAFGARH,NEW DELHI and Sh.Nitin Ahlawat and Sh.Tirath Singh purchase property from Sh. Pradeep Kumar Betala & Sh. Sanjay Kabra (HUF) vide Notarized GPA, ATS and Will dated 20.07.2023, thereafter he execute Authorization slip (PM Uday Cell) now Sh. Nitin Ahlawat and Sh. Tirath Singh wants to sell aforesaid property.** And It is informed that any deal with said documents by any person except my said client and said institution regarding said property, shall be deemed as null and void. If any person having any claim, right in said property then he may contact and handover the same and apprise his claim to undersigned within 15 days of this publication.

AD REM LEGAL SOLUTION
Ch. No. 760 - Dwarka Court Sector-10, Dwarka, New Delhi-75
Mobile :- 9899013918

PUBLIC NOTICE

Known to all that my client **1) Sh. Har Narayan, 2)Sh. Ved Prakash and 3)Sh. Jagdish owner of the PLOT NO.121, AREA 40 SQ YARDS KHASRA NO.398, BHAGWATI VIHAR, BLOCK-V, SECTOR-D, UTTAM NAGAR NEW DELHI-110059 and 1) Sh. Har Narayan, 2)Sh. Ved Prakash and 3)Sh. Jagdish purchase property from Smt. Chandra Wati vide Notarized GPA, ATS and Will dated 16.02.1995, now 1) Sh. Har Narayan, 2)Sh. Ved Prakash and 3)Sh. Jagdish wants to sell aforesaid property.** And It is informed that any deal with said documents by any person except my said client and said institution regarding said property, shall be deemed as null and void. If any person having any claim, right in said property then he may contact and handover the same and apprise his claim to undersigned within 15 days of this publication.

AD REM LEGAL SOLUTION
Ch. No. 760 - Dwarka Court Sector-10, Dwarka, New Delhi-75
Mobile :- 9899013918

PUBLIC NOTICE

Known to all that my client **Smt. Neha Mittal owner of the FIRST FLOOR, KHASRA NO. 12/14,PROPERTY NO.RZ-C-147B,VINOD PURI ,VIJAY ENCLAVE, NEW DELHI-110045 and Smt. Neha Mittal purchase property from Sh. Sanjay Rastogi and Sh.Pankaj Kumar vide Notarized GPA,ATS and Will dated 07.09. 2022, thereafter She execute Authorization slip(PM Uday Cell) now Smt.Neha Mittal wants to sell aforesaid property.** And It is informed that any deal with said documents by any person except my said client and said institution regarding said property,shall be deemed as null and void. If any person having any claim, right in said property then he may contact and handover the same and apprise his claim to undersigned within 15 days of this publication.

AD REM LEGAL SOLUTION
Ch. No. 760 - Dwarka Court Sector-10, Dwarka, New Delhi-75
Mobile :- 9899013918

PUBLIC NOTICE

